

कोलम्बिया के वन्यजीव अधिकारी एक विशालकाय और घुसपैठिया प्रजाति ''हिप्पोपोटमस'' की समस्या से जूझ रहे हैं। अस्सी के दशक में यहां का कुख्यात ड्रग तस्कर पाब्लो एस्कोबार अफ्रीका से अवैध रुप से कई हिप्पोपॉटमस कोलम्बिया लाया था और तब से ही ये सैमी एक्वेटिक स्तनपायी दक्षिण अमेरिकी देश की उष्णकटिबंधीय नदियों में खूब फले फूले। तथापि, अब ये दरियाई घोड़े क्षेत्र के इकोसिस्टम के लिए खतरा बन गए हैं। इस समस्या से निपटने के लिए जीव वैज्ञानिक दरियाई घोड़ों को गर्भनिरोधक इंजेक्शन लगा रहे हैं ताकि वे प्रजनन ना करें। अभी तक 11 हिप्पो को ये इन्जेक्शन लग चुके हैं तथा 24 को लगने हैं। एक वैटरनेरी डॉक्टर, जीना पाओला ने कहा कि, यह गर्भनिरोधक दवा नर व मादा दोनों में असरदार है। अमेरिका के वन्य जीव अधिकारी हिरणों व जंगली घोड़ों की आबादी को नियंत्रित करने के लिए इसका इस्तेमाल करते हैं। एक क्षेत्रीय एनवायरमैंटल एजेंसी, कॉरनैर के अधिकारियों का आकलन है कि कोलम्बिया के अंदरुनी भाग में मैगडलेना नदी के समीपवर्ती क्षेत्र में तीन स्थानों पर कुल 80 हिप्पो हैं। कोकेन तस्कर एस्कोबार, जिसे 1993 में गोली मार दी गई थी, अफ्रीका से अन्य जानवरों के साथ चार हिप्पो (एक नर और तीन मादा) लाया था, जिन्हें उसने अपने हासिएन्डा नेपोलीज़ एस्टेट में रखा था। देश की राजधानी बोगाटा से 155 मील दूर उत्तर पश्चिम में स्थित यह क्षेत्र अब एक थीम पार्क है। एस्कोबार की मौत के बाद अधिकारियों ने उसकी सम्पत्ति जब्त कर ली, अन्य जानवरों को तो बेच दिया पर हिप्पो बच गए, क्योंकि उन्हें कहीं भी ले जाना मुश्किल था, इसलिए हिप्पो को वहीं छोड़ दिया गया। लेकिन ये दरियाई घोड़े इकोलॉजिकल टाइमबम साबित हुए क्योंकि अनुकूल हालात मिलने के कारण हिप्पो की आबादी बहुत ज्यादा बढ़ गई, जिसका पर्यावरण पर विपरीत प्रभाव पड़ा। हिप्पो टनों पेड़ -पौधे खा जाते हैं। यहाँ पर उनके मल से पानी में भारी मात्रा में एल्जी पनपी, जिससे पानी में ऑक्सीजन की कमी हो गई। इसके अलावा हिप्पो, जिनका वजन 6000 पाउण्ड तक हो जाता है, इंसानों के लिए गंभीर खतरा बन गए। गत वर्ष एक हिप्पो ने स्थानीय रैन्चर पर हमला कर दिया, उसकी टांग, पसलियाँ, आदि टूट गईं। पर्यावरण अधिकारियों ने पहले तो इन्हें विष देकर मारने का विचार किया पर भारी जनविरोध के बाद यह आइडिया ड्राप कर दिया। नर हिप्पो का बंध्याकरण शुरु किया गया, पर इसमें काफी धन व समय खर्च होता था। एक जानवर पर 50,000 पाउण्ड की लागत आ रही थी। इसके बाद अमेरिकन अधिकारियों से सलाह मशविरा के बाद इन्हें गर्भनिरोधक दवा देने की प्रक्रिया शुरु की गई। विशेषज्ञों का कहना है कि जन्मदर को नियंत्रित कर इनकी आबादी को नियंत्रित किया जाता सकता है।

# थप्पड़ मारने के विवाद में बाप-बेटे को गोली मारी, मौत

## भरतपुर एस.पी. विश्नोई ने रात्रि चेतक प्रभारी व कोतवाली एच.एम. मानसिंह को निलम्बित किया

- परिजनों व ग्रामीणों ने शव लेने से पहले आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की।
- पुलिस ने एक जने को हिरासत में भी लिया।

भरतपुर, 7 नवम्बर (नि.सं.)। शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित सुभाष नगर कॉलोनी में आपसी विवाद में दो भाइयों ने पड़ोस में रहने वाले बाप-बेटे की गोली मारकर हत्या कर देने के मामले में सनसनी फैल गई। मृतकों में डहरा का पूर्व सरपंच सुरेन्द्र सिंह व उसका पुत्र सचिन है। घटना की सूचना मिलने के बाद महानिरीक्षक पुलिस रेंज प्रसन्न कुमार खमेसरा, जिला कलैक्टर हिमांशु गुप्ता एवं एस.पी. देवेन्द्र कुमार विश्नोई ने भी घटना स्थल का मौका मुआयना किया। एफ.एस.एल. टीम से घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। इस मामले को लेकर परिजनों व अन्य लोगों ने अस्पताल में शव लेने से पहले आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की। मामलें में एस.पी. देवेन्द्र कुमार विश्नोई ने एक आदेश जारी कर लापरवाही बरतने पर रात्रि चेतक प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक विजयपाल व कोतवाली एच.एम. मानसिंह हैड कानिस्टेबल को निलम्बित कर दिया।

मामले में राज्य के स्वास्थ्य राज्य मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग ने भी घटना पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने पुलिस महानिरीक्षक एवं जिला पुलिस अधीक्षक से कहा कि पुलिस को सूचना मिलने के बाद भी कोई उचित कार्रवाई नहीं की। संभवतया इसी कारण यह घटना घटित हुई। उन्होंने इस घटना में लापरवाही मानते हुये दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिये।

पुलिस ने मृतकों के शवों का मैडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया। घटना को लेकर पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में भी लिया है। मृतक के भाई चंदन ने बताया कि शनिवार देर शाम सुरेंद्र के घर उनके रिश्तेदार का बेटा आया हुआ था। इस बीच शाम को रिश्तेदार के बेटे और सुरेंद्र के पड़ोस में रहने वाले लाखन के बीच किसी बात को लेकर कहा-सुनी हो गई। इस पर रिश्तेदार के बेटे ने लाखन को थप्पड़ मार दिया और वहां से फरार हो गया। घटना के कुछ देर बाद लाखन सुरेंद्र के घर के बाहर आया और हवाई फायरिंग कर दी। जिस पर दोनों बाप-बेटे घर से नहीं निकले। रविवार सुबह दोनों पक्षों के बीच राजीनामा को लेकर सुरेंद्र के घर बातचीत चल रही थी। इसमें लाखन और उसका भाई दिलावर भी मौजूद था। राजीनामा के दौरान फिर से बहस हो गई। उस समय सुरेंद्र का बेटा सचिन दूध लेने बाहर गया था। जब वह लौटा तो लाखन ने उसके पिता पर पिस्तौल से फायर कर दिया। बीच-बचाव में सचिन आया तो उसके भी पैर में गोली मार दी। इस घटना में घायल हुए दिलावर को आर.बी.एम. अस्पताल में भर्ती किया गया है, जहां उसका इलाज जारी है।

## महंगाई और...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

शुरूआत में 29 जनवरी, 2021 को वैट में 2 प्रतिशत की कमी की थी। इससे राज्य को राजस्व में एक हजार करोड़ रुपये प्रति वर्ष की हानि हुई। इस तरह अब राज्य के कोष पर कुल 2800 करोड़ प्रति वर्ष की राजस्व हानि का भार आ गया है। गहलोत ने केन्द्र सरकार से आग्रह किया कि केन्द्र पेट्रोलियम कंपनियों को पाबंद करे कि वे रोज-रोज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि न करें, क्योंकि ऐसा होने पर पेट्रोल और डीजल की कीमत बढ़ने से केन्द्र और राज्य सरकार की ओर से आमजन को दी गई राहत का लाभ शून्य हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने पत्र में लिखा कि केन्द्र सरकार ने वर्ष 2014 से उत्तरोत्तर वृद्धि करते हुए पेट्रोल पर स्पेशल एक्साइज ड्यूटी 6 रुपये से बढ़ाकर 11 रुपये प्रति लीटर एवं अतिरिक्त एक्साइज ड्यूटी 2 रुपये से बढ़ाकर 18 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल पर स्पेशल एक्साइज ड्यूटी शून्य बढ़ाकर 8 रुपये प्रति लीटर एवं अतिरिक्त एक्साइज ड्यूटी 2 रुपये से बढ़ाकर 18 रुपये प्रति लीटर कर दी है।

## देवबंद में ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

यह संस्था शिक्षा का केंद्र है। पूर्व में अनेक राजनीतिक दलों के नेता चुनावी लाभ के लिए यहां किसी न किसी बहाने आते रहे है। संस्था के जिम्मेदारान की यह सोच है कि कोई भी जाने-अनजाने इस संस्था का सियासी कारणों से लाभ न उठा पाए।

मुफ्ती नोमानी ने कहा सियासतदानो के अलावा कोई भी व्यक्ति इस संस्था में किसी भी वक्त आ-जा सकता है। सभी का स्वागत है लेकिन हमारी कोशिश यह है कि चुनावों के दौरान राजनीतिज्ञों को यहां आने से परहेज करे और उनके इस निर्देश का पालन करे।

# सरकार ने बच्चों की एक करोड़ डोज़ वैक्सीन खरीद का ऑर्डर दिया

## यह ऑर्डर जाइडस कैडिला से जाइकोव-डी वैक्सीन की खरीद के लिए दिया गया है

- कंपनी के अधिकारियों ने स्वास्थ्य मंत्रालय को बताया कि, जायडस कैडिला प्रति माह जाइकोव-डी की एक करोड़ खुराक मुहैया कराने की स्थिति में है। इसके तीन खुराकों को 28 दिनों के अंतराल पर दिया जाना है। देश में विकसित यह दुनिया का पहला ऐसा टीका है, जो डी.एन.ए.-आधारित एवं सुई-रहित है।
- जाइकोव-डी को 20 अगस्त को दवा (ड्रग कन्ट्रोलर जनरल ऑफ इण्डिया) से नियामक से आपातकालीन इस्तेमाल के लिए मंजूरी मिली थी।

नई दिल्ली, 7 नवम्बर। भारत में अब बच्चों को भी करोना का टीका जल्द लगेगा। इसके लिए केंद्र सरकार ने 12 साल या उससे ज्यादा उम्र के लोगों के टीकाकरण के लिए मंजूरी दे दी है। सरकार ने अहमदाबाद की कंपनी जायडस कैडिला की तीन खुराक वाली वैक्सीन जाइकोव-डी की एक करोड़ डोज खरीदने के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही यह वैक्सीन राष्ट्रीय करोना वायरस रोधी टीकाकरण अभियान में इस महीने शामिल हो जाएगी। शुरुआत में इसे वयस्कों को लगाने में प्राथमिकता दी जाएगी।

वेंद्र जायडस कैडिला को जाइकोव-डी टीके की एक करोड़ खुराक के लिए ऑर्डर दे चुका है, जिसकी कीमत कर को छोड़कर करीब 358 रुपये है। इस कीमत में 93 रुपये की लागत वाले जेट एप्लीकेटर का खर्च भी शामिल है। इसकी मदद से ही टीके की खुराक दी जाएगी।

कंपनी के अधिकारियों ने मंत्रालय को बताया कि जायडस कैडिला प्रति माह जाइकोव-डी की एक करोड़ खुराक मुहैया कराने की स्थिति में है। इसके तीन खुराकों को 28 दिनों के अंतराल पर दिया जाना है। देश में विकसित यह दुनिया का पहला ऐसा टीका है, जो डी.एन.ए.-आधारित एवं सुई-रहित है।

जाइकोव-डी को 20 अगस्त को दवा नियामक से आपातकालीन इस्तेमाल के लिए मंजूरी मिली थी। नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ. वी.के. पॉल ने 30 सितंबर को कहा था कि दुनिया का पहला डी.एन.ए.-आधारित टीका राष्ट्रव्यापी अभियान में बहुत जल्द इस्तेमाल किया जाएगा। जॉयकोव डी की तीन खुराकें लगेंगी। पहली खुराक के 28 दिन बाद दूसरी खुराक दी जाएगी और 56 दिन बाद तीसरी।

## 'भारत में इस समय 33 लाख बच्चे कुपोषित हैं'

नई दिल्ली, 7 नवम्बर। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक भारत में इस समय 33 लाख से अधिक बच्चे कुपोषित हैं। इनमें से आधे से ज्यादा यानी कि 17.7 लाख बच्चे गंभीर रूप से कुपोषित हैं। गंभीर रूप से कुपोषित बच्चे सबसे ज्यादा महाराष्ट्र, बिहार और गुजरात में हैं। इस बात की जानकारी महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने एक आर.टी.आई. के जवाब में दी है। केन्द्र सरकार ने एक आर.टी.आई. के जवाब में कहा कि यह 34 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के आंकड़ों का संकलन है। देश में कुल 33,23,322 बच्चे कुपोषित हैं।

मंत्रालय का अनुमान है कि करोना महामारी से गरीब से गरीब व्यक्ति में स्वास्थ्य और पोषण संकट और बढ़ सकता है। इस पर चिंता जताते हुए मंत्रालय ने कहा कि 14 अक्तूबर 2021 तक भारत में 17.76 लाख बच्चे अत्यंत कुपोषित (एस.ए.एम.) और 15.46 लाख बच्चे अल्प कुपोषित (एस.ए.एम.) थे। हालांकि ये आंकड़े अपने आप में खतरनाक हैं।



हिमालयन फंगस में मिले एक अणु से एक नई कीमोथैरेपी ड्रग प्राप्त हुई है, जो कैंसर की कोशिकाओं को खत्म कर सकती है। ऑक्सफोर्ड युनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने ब्रिटेन की एक फार्मा कम्पनी न्युकाना के साथ मिलकर इस दवा को सिंथसाइज़ (संश्लेषित) किया है जिसका अभी ट्रायल चल रहा है। इस दवा के एक्टिव घटक को कॉर्डीसेपिन कहा जाता है, जो सबसे पहले परजीवी फंगस प्रजाति, ऑफियोकॉर्डिसैप्स साइनेसिस में मिला था। इस फंगस को कैटरपिलर फंगस भी कहते हैं क्योंकि यह मॉथ के लार्वा को मार कर उन्हें ''ममीफाई'' कर देती है। सदियों से चीन की पारम्परिक दवाओं में इस फंगस का इस्तेमाल हो रहा है। कॉर्डिसेपिन में एंटीकैंसर, एंटीऑक्सीडैन्ट और एंटी इन्फ्लमेटरी प्रभाव मिलता है, इसलिए इस फंगस को प्रायः विश्व का सर्वाधिक कीमती परजीवी फंगस भी कहते हैं। प्राकृतिक कॉर्डिसेपिन के एंटीकैंसर एजेंट, एन.यू.सी.-7738 की क्षमता बढ़ाने के लिए इस पर कई प्रयोग किए गए हैं जिससे इसकी कैंसररोधी क्षमता 40 गुना बढ़ने की संभावना है। अभी इसके दूसरे चरण के ट्रायल चल रहे हैं।

## 'आर्यन खान का फिरौती के लिए एन.सी.बी. ने अपहरण करवाया'

मुंबई, 7 नवंबर (वार्ता)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के मंत्री नवाब मलिक ने रविवार को आरोप लगाया कि बॉलीवुड मेगास्टार शाहरुख खान के बेटे आर्यन को मुंबई क्रूज रेव पार्टी में फंसाकर फिरौती के लिए अपहरण किया गया था तथा बाद में इन सभी को आरोपी बनाया गया था।

मलिक ने आज यहां पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि शाहरुख खान को तब से धमकी दी गई है जब से उन्होंने छह अक्टूबर से नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एन.सी.बी.) के क्षेत्रीय निदेशक समीर वानखेड़े पर एक्सपोज सीरीज बनाना शुरू किया था।

उन्होंने कहा कि वानखेड़े हाई-प्रोफाइल लोगों को फंसाने और उनसे करोड़ो रूपये की उगाही के लिए एक निजी सेना चला रहे थे।

# इराक के प्र.मंत्री पर ड्रोन हमला, अस्पताल में भर्ती हुये

## राजधानी बगदाद में प्रधानमंत्री के आवास को निशाना बनाकर रॉकेट दागा गया

- रॉकेट हमले के बाद प्रधानमंत्री अल-कदीमी ने ट्वीट कर कहा, मैं ठीक हूं और इराक की खातिर सभी से शांति और संयम बरतने का आह्वान करता हूं।
- भारत, इराक, सऊदी अरब, अमेरिका सहित कई देशों ने इस हमले की कड़ी निंदा की है।

बगदाद 7 नवंबर (वार्ता/स्पूतनिक)। इराक के प्रधानमंत्री मुस्तफा अल-कदीमी रविवार तड़के एक ड्रोन हमले में घायल हो गये और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अल अरबिया ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

रिपोर्ट के मुताबिक ड्रोन हमले में इराकी प्रधानमंत्री के आवास को लक्ष्य कर एक कत्यूषा रॉकेट छोड़ा गया। हमले में अल-कदीमी और उनके कई सुरक्षा अधिकारी घायल हो गये।

रिपोर्ट में कहा गया है कि बगदाद में ग्रीन जोन के पास भी भारी गोलाबारी हुई। सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि अल-कदीमी के आवास पर हमले में शामिल एक ड्रोन को पकड़ लिया गया है। इराक के प्रधानमंत्री मुस्तफा अल-कदीमी ने कहा है कि वह ठीक हैं तथा देश की खातिर सभी को शांति और संयम बनाये रखना अपरिहार्य है।

अल-कदीमी ने ट्वीट कर कहा, मैं ठीक हूं और इराक की खातिर सभी से शांति और संयम बरतने का आव्हान करता हूं। इराकी न्यूज एजेंसी (आई.एन.ए.) ने सुरक्षा बलों का हवाला देते हुए कहा कि ड्रोन के जरिए प्रधानमंत्री की हत्या का असफल प्रयास किया गया, लेकिन उन्हें चोट नहीं आयी। ईरानी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव अली शामखानी ने कहा है कि इराकी प्रधानमंत्री मुस्तफा अल कदीमी के आवास पर किया गया ड्रोन राकेट हमला देश में विद्रोही गतिविधियों को भड़काने की एक साजिश है और इसका संबंध विदेशी ताकतों से हैं।

गौरतलब है कि इस राकेट हमले में कदीमी घायल हो गए थे और उन्हें बाद में अस्पताल ले जाया गया। इसके बाद उन्होंने खुद ट्वीट कर कहा था कि वह ठीक हैं। इस हमले में उनके तीन सुरक्षा गार्ड घायल हो गए हैं।

शामखानी ने एक ट्वीट कर कहा अल कदीमी पर किया गया हमला एक राजद्रोह की कार्रवाई है जिसका संबंध विदेशी ताकतों से हैं जिन्हें देश में असुरक्षा, अशांति और अस्थिरता फैलाने के अलावा कुछ हासिल नहीं हुआ है।

इराकी प्रधानमंत्री ने एक ट्वीट के जरिए देशवासियों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

## जी-20...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

मिलेगी। कोयला से चलने वाले बिजली संयंत्रों को लेकर भी विश्व समुदाय ने भारत की मांग को स्वीकार किया है। विकसित देशों का दबाव था कि सभी ताप बिजली संयंत्रों को बंद करने का लक्ष्य तय होगा लेकिन भारत का कहना था कि पहले चरण में ताप बिजली संयंत्रों को किसी तरह की वित्तीय मदद नहीं देने शुरुआत होनी चाहिए। रोम घोषणा पत्र में इसे स्वीकार किया गया है।

## यू.पी. में जेल में कैदियों ने उत्पाद मचाया, 30 पुलिसकर्मी घायल

नई दिल्ली, 7 नवम्बर। उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद में फतेहगढ़ स्थित जिला जेल में एक बंदी की मौत पर साथी भड़क गए।

गुस्साए बंदियों ने पथराव कर जेल में आग लगा दी। सूचना मिलते ही जेल और पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा। बंदियों ने जेलर और अन्य पुलिसकर्मियों पर भी हमला कर दिया। हमले में 30 पुलिसकर्मी घायल होने की खबर है।

वहीं, कई बंदी भी घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार, मेरापुर थाना क्षेत्र निवासी संदीप हत्या के मामले में जिला जेल में बंद था। हालत बिगड़ने पर उसे सैफई रेफर किया गया था। उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। इसकी जानकारी मिलने पर बंदियों ने हंगामा कर दिया।

# पंजाब सरकार ने भी पैट्रोल-डीजल पर वैट में बड़ी कटौती की

चंडीगढ़, 7 नवम्बर(वार्ता)। केंद्र और अन्य पड़ोसी राज्यों का अनुसरण करते हुये पंजाब सरकार ने भी पेट्रोल और डीज़ल पर वैट में क्रमशः दस रूपये और पांच रूपये प्रति लीटर की कटौती करने की आज घोषणा की। मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने उनकी अध्यक्षता में यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मीडिया को सम्बोधित करते हुये यह जानकारी दी। ये कीमतें रविवार आधी रात से प्रभावी होंगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के फैसले के बाद राज्य सरकार ने जनता को राहत देने का फैसला लिया है। उन्होंने लेकिन साथ ही यह भी कहा कि केंद्र सरकार ने पेट्रोल-डीज़ल से उत्पाद शुल्क में कटौती की है जिसमें 42 प्रतिशत हिस्सा राज्यों का होता है। केंद्र के इस फैसले से राज्यों को राजस्व का ज्यादा नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को उत्पाद शुल्क घटाने के वजाय अधिभार या शुल्क कम करना चाहिये जो उसने समय-समय पर बढ़ाया है। उन्होंने दावा किया कि पंजाव में पेट्रोल उत्तर भारत में सबसे सस्ता होगा। कीमतें कम होने के बाद राज्य में पेट्रोल की कीमत 105 रूपये से घट कर अब 95 रूपये और डीज़ल 88.75 रूपये से घट कर 83.75 रूपये प्रति लीटर हो जाएगा।

## प्रदेश की आठ ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

केवल, महिला अत्याचार, बाल अपराध, भ्रष्टाचार में अव्वल बनाया है। पिछले कार्यकाल में मुख्यमंत्री एक नम्बर कहलाते थे, अपना गुणगान करवाते थे लेकिन इस बार उन्होंने प्रदेश को अपराधों में ही नम्बर वन किया है। केन्द्र सरकार ने पेट्रोल डीजल पर पांच व दस रुपए कम किए।

इसके बाद भाजपा शासित प्रदेशों में वेट कम करके ओर कीमतें घटाकर जनता को राहत दी गई लेकिन राजस्थान में वेट कम नहीं करने पर अड़ी है। मुख्यमंत्री गहलोत को लगता है कि इससे राज्य सरकार का मुनाफा घट जाएगा। इसलिए वेट कम नहीं किया जा रहा है। देवनानी ने तत्काल प्रभाव से राजस्थान में जनता को राहत देने के लिए वेट कम करने की मांग की है, समय रहते कोई निर्णय नहीं होने पर भारतीय जनता पार्टी सदन से लेकर सड़क तक आंदोलन करेगी।

देवनानी ने कहा कि रीट परीक्षा और अन्य पात्रता प्रतियोगी परीक्षाओं में 40-50 लोग नकल करने वाले पकड़े गए लेकिन सरकार कुछ नहीं कर पाई, शिक्षा विभाग असहाय नजर आ रहा है। पात्रता परीक्षा से जुड़े अधिकारियों को और सरकार के नुमाइंदों को नियमों की जानकारी तक नहीं है। ऐसे में लाखों युवाओं का भविष्य दांव पर लग गया है।

जोधपुर में कांग्रेस विधायक द्वारा अल्प संख्यकों के लिए अलग से बोर्ड बनाने संबंधी प्रस्ताव के संबंध में पूछे गए सवाल पर पूर्व केबिनेट मंत्री देवनानी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस हमेशा केवल तुष्टिकरण की बात करती आई वो सिर्फ वोटों की राजनीति करती है। कांग्रेस ने सदैव एक पक्ष को खुश करने का प्रयास किया है। देवनानी ने कहा कि यह भाजपा की सफलता ही है कि कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा को मंदिर जाना एवं जनैउ धारण करना सिखा दिया है। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने सदैव सभी को साथ लेकर काम किया है। सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास। केन्द्र सरकार इसी मूलमंत्र के साथ काम कर रही है।

# 'किसान आंदोलन में अब तक 600 लोग शहीद हुये'

## मेघालय के राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने यह भी कहा कि, इतने पर भी लोकसभा में प्रस्ताव पास नहीं किया गया जबकि कुतिया भी मरती है तो दिल्ली के नेता शोक संदेश जारी करते हैं

- जयपुर में एक कार्यक्रम में सत्यपाल मलिक ने कहा, देश में इतना बड़ा आंदोलन आज तक नहीं चला, जिसमें 600 लोग शहीद हो गए।
- मलिक ने कहा, मुझे राज्यपाल बनाया दिल्ली में 2-3 बड़े लोगों ने, मैं उनकी इच्छा के खिलाफ बोल रहा हूं, मैं तो यह जानता ही हूं कि उनको दिक्कत होगी। वे जिस तरह कहेंगे कि हमें दिक्कत है छोड़ दो, मैं एक भी मिनट नहीं लगाउंगा।

नई दिल्ली, 7 नवम्बर। मेघायल के गवर्नर सत्यपाल मलिक ने किसान आंदोलन को लेकर एक बार फिर मोदी सरकार पर निशाना साधा। हाल के समय में कई बार किसानों के मुद्दे पर सरकार और बीजेपी की लाइन से हटकर बोल चुके मलिक ने साफ कहा कि वह दिल्ली के उन 2-3 लोगों की इच्छा के खिलाफ बोल रहे हैं, जिन्होंने उन्हें गवर्नर बनाया है और जब कहेंगे तो वह तुरंत पद से हट जाएंगे। मलिक ने कहा कि किसान आंदोलन में 600 लोग शहीद हो गए तो लोकसभा में प्रस्ताव पास नहीं किया गया, जबकि कुतिया भी मरती है तो दिल्ली के नेता शोक संदेश जारी करते हैं। जयपुर में एक कार्यक्रम में सत्यपाल मलिक ने कहा, देश में इतना बड़ा आंदोलन आज तक नहीं चला, जिसमें 600 लोग शहीद हो गए। कुतिया भी मरती है तो दिल्ली के नेताओं का शोक संदेश जाता है, लेकिन 600 किसानों का प्रस्ताव लोकसभा में पास नहीं हुआ।

मलिक ने आगे कहा, इस समय किसानों का मुद्दा है, मैं कुछ कहूंगा तो विवाद होता है। ये अखबार वाले ऐसा कर देते हैं कि मैं दो हफ्ते तक इंतजार करता हूं कि दिल्ली से कोई टेलिफोन तो नहीं आएगा। हालांकि, गवर्नर को हटाया नहीं जा सकता है, लेकिन मेरे जो शुभचिंतक है, कहते हैं कि ये कुछ बोले और हटे। फेसबुक पर लिखते हैं कि आप जब इतना महसूस करते हो तो इस्तीफा क्यों नहीं देते, मैं कहता हूं कि क्या आपके पिता ने बनाया था। मलिक ने कहा, मुझे बनाया दिल्ली में 2-3 बड़े लोगों ने, मैं उनकी इच्छा के खिलाफ बोल रहा हूं, मैं तो यह जानकर ही बोल रहा हूं कि उनको दिक्कत होगी। वह जिस तरह कहेंगे कि हमें दिक्कत है छोड़ दो, मैं एक भी मिनट नहीं लगाऊंगा।

मार्डन मीडिया, बीकानेर के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 35214/79, जयपुर कार्यालयः सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोनः 2372634, 4103333-34, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोनः 2386031, 2386032,फैक्सः0744-2386033, उदयपुर कार्यालयः आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालयः घूघरा घाटी, जयपुर रोड, अजमेर। फोनः 2627612, फैक्सः 0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422,226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्सः 01562-256908